दिनांकः 09.06.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्र की एनडीए सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर कहा–सरकार ने जन आकांक्षाओं को नई उड़ान दी।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने पर ज़ोर दिया।
- प्रदेश के कई शहरों में हीटवेव के हालात–11 जून तक भीषण गर्मी का प्रकोप रहने की संभावना।
- राज्य में नई ग्राम सेवा सहकारी समितियों की स्थापना के लिए निर्धारित मापदंडों में छूट दी जाएगी।

-----------

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि बीते दशक में सरकार ने जन आकांक्षाओं को नई उड़ान दी है। केन्द्र की एनडीए सरकार के 11 वर्ष और बतौर प्रधानमंत्री, श्री मोदी के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ पर आज सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने देश की विकास यात्रा की सामूहिक सफलता पर गर्व की अभिव्यक्ति की।

भाजपा ने इस मौके पर आज से देशव्यापी जनसम्पर्क अभियान की शुरूआत की है। संकल्प से सिद्धी प्रचार अभियान के तहत जनता से संवाद किया जाएगा और उन्हें सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी।

केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को भ्रष्टाचार मुक्त और जवाबदेह शासन देने वाली बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है। मोदी सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूरे होने पर नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में श्री नड्डा ने कहा इस दौरान पारदर्शिता का नया मानक स्थापित किया गया है।

-----------

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पिछले एक दशक में सरकार ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों सहित समाज के सभी वर्गों के लिए काम किया है। श्री नड्डा ने कहा कि सरकार ने महिला केंद्रित विकास को भी बढावा दिया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने हर चुनौती का डटकर सामना किया।

-----------

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सभी से **नमो एप** पर भारत की पिछले 11 वर्षों की विकास यात्रा पर सर्वेक्षण में भाग लेने का आग्रह किया है। अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने एक पोर्टल का लिंक भी साझा किया। इसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति जन मन सर्वेक्षण में भाग ले सकता है।

-----------

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि जन सहयोग के बिना कोई भी अभियान सफल नहीं हो सकता। उन्होंने जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि जल का कोई विकल्प नहीं है, जल है तो कल है। श्री शर्मा आज पुष्कर मेला मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पानी बचाने की मुहिम को महत्वपूर्ण बताते हुए जनभागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों के सहयोग से प्रदेश में अगले चार साल में 45 हजार जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा।

----------

मुख्यमंत्री ने ब्रह्मलोक कॉरिडोर की घोषणा करते हुए बताया कि इसके तहत घाटों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। श्री शर्मा ने ब्रह्मा मंदिर में जन सहयोग से निर्मित लिफ्ट का भी उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और मंत्री सुरेश सिंह रावत के साथ पौधरोपण कर हरियालो राजस्थान का संदेश दिया। इसके बाद श्री शर्मा ने ब्यावर के जवाजा में जल संचय–जन भागीदारी की अपील दोहराई।

इससे पहले आज जयपुर में मुख्यमंत्री ने जनसुनवाई की। मुख्यमंत्री निवास पर हुई जनसुनवाई में विभिन्न वर्गों के लोग अपनी परिवेदनाओं के साथ पहुंचे।

श्री शर्मा ने संवेदनशीलता के साथ उनकी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जिला कलेक्टरों को नियमित रूप से जनसुनवाई करने को कहा।

----------

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आईआईटी, जोधपुर में आज लैक्चर हॉल काम्लेक्स का उद्घाटन किया। उन्होंने रिसर्च इनिशिएटिव ग्रांट का वितरण किया। इसी के साथ श्री बिरला ने संस्थान की नई वेबसाइट का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री बिरला ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों की सराहना करते हुए कहा कि इन्होंने तकनीक और नवाचारों में देश को उन्नत बताया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में संस्थान उच्च शिक्षा, नवाचार और विज्ञान के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करेगा।

----------

प्रदेश के कई शहरों में हीटवेव के हालात बने हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार 11 जून तक विभिन्न स्थानों पर भीषण गर्मी और लू की स्थिति बने रहने के आसार हैं। बीते 24 घंटों में बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान 47 डिग्री के पार मापा गया। झालावाड़, चूरू, कोटपूतली–बहरोड़ और भरतपुर सहित विभिन्न स्थानों पर आज भी भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहा। हमारे श्रीगंगानगर संवाददाता ने बताया कि सूरज की तपिश और गर्म हवाओं के थपेड़ों से लोग बेहाल हैं। रातें भी काफी गर्म होने के कारण लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है।

----------

बांसवाड़ा के माही बांध क्षेत्र में आज नाव पलटने से तीन लोगों की मृत्यु हो गई। ये एक ही परिवार के थे। वहीं जिले के खेरवाड़ा क्षेत्र में सोम नदी में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। हादसा लराठी गांव में कल शाम एक ही परिवार के बच्चों के साथ हुआ। ये तीनों बच्चे भैंस की तलाश में नदी के पास पहुंचे थे और गहरे पानी में उतरने से डूब गए। गांव के सरपंच लालूराम मीणा ने बताया कि सोम नदी के लिए कई बार पुल की मांग की जा चुकी है।

----------

सवाईमधोपुर के रणथम्भौर किले में आज बाघ के हमले से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी। रणथम्भौर टाइगर रिजर्व के सीसीएफ अनूप के.आर. ने बताया कि घटना आज तड़के हुई। हालांकि बाघ के मूवमेंट के कारण कल से ही किले में श्रद्धालुओं की आवाजाही पर रोक लगा दी गयी थी। सिर्फ तीन चौकीदार ही किले के अंदर रूके हुए थे। पिछले दो महीने में बाघ के हमले से इस क्षेत्र में तीसरी मौत हुई है। मृतक किले स्थित जैन मंदिर में पिछले बीस वर्षों से चौकीदार के रूप में काम कर रहा था। घटना के बाद ग्रामीणों ने सवाईमाधोपुर–कुंडेरा मार्ग को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने मृतक के परिजनों को मुआवजा देने और टाइगर मूवमेंट के मद्देनजर सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने की मांग की है।

----------

प्रदेश में नई ग्राम सेवा सहकारी समितियों की स्थापना के लिए निर्धारित मापदंडों में छूट दी जाएगी। नई समितियों के लिए अब न्यूनतम सदस्य संख्या डेढ़ सौ और न्यूनतम हिस्सा राशि होना आवश्यक है। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल ने ये जानकारी देते हुए बताया कि कम जनसंख्या घनत्व वाले जिलों में सहकारी समितियों के गठन पर और भी शिथिलता दी जा सकती है। श्रीमती राजपाल आज जयपुर से नई ग्राम सेवा समितियों के गठन के बारे में आयोजित समीक्षा बैठक को वीसी के माध्यम से संबोधित कर रही थीं। उन्होंने बताया कि एक अप्रैल के बाद राज्य में 118 नवीन ग्राम सेवा समितियां बनाई जा चुकी हैं। इस काम में और तेजी लाई जाएगी।

----------

देशभर में चल रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के माध्यम से व्यापक स्तर पर किसानों को जागरुक करने की पहल की गई है। इसके तहत किसानों को कृषि की नई तकनीक, नवाचारों, बीजों की उन्नत किस्मों, विभिन्न योजनाओं, जल प्रबंधन, जैविक खेती और बाजार सम्पर्क की जानकारी दी जा रही है। अभियान में विभिन्न सत्रों के माध्यम से प्रगतिशील किसान अपने अनुभव साझा कर रहे हैं। इसी कड़ी में डीग जिले के इन्द्रौली गांव के रहने वाले प्रगतिशील किसान सांवलिया राम मीणा ने अपने साथियों को प्राकृतिक और औषधीय खेती के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि वे बिना किसी रासायनिक उर्वरक के अच्छी गुणवत्ता वाले गेहूं का उत्पादन कर रहे हैं।

----------

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आकाशवाणी जयपुर के क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से संदेश श्रृंखला चलाई जा रही है। इसमें आज सुनिये बाड़मेर से योगाचार्य महिपाल कमेड़िया के विचार। इनका कहना है कि योग मनुष्य को स्वस्थ रखने में सहायक है।

----------

प्रदेश में नगरीय निकायों और पंचायतीराज संस्थाओं के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने परचम लहराया है। पार्टी ने 36 में से 27 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं एक स्थान पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी विजयी रहे हैं।

----------